# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## दशम् सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 11 श्रावण 1935 (श0) / 02 अगस्त, 2013 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या-123

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 49 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 49 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 04 |
| (4) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 10 |
| (5) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 09 |
| (6) संसदीय कार्य विभाग | .. | .. | 01 |
| (7) विधि विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग .. | 123 |

स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

* 377. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी प्रखण्ड के पसराहा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का जमीन उपलब्ध होने के पश्चात् भी भवन का निर्माण नहीं हो पाया है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पसराहा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

गाँवों का विद्युतीकरण

* 378. श्री दिनेश कुमार सिंह––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत पीरो प्रखंड के वीरपुरा, धनपुरा, अमेहता, डिहरी चौबे के छावनी, जोबराडीह गाँवों सहित दर्जनों गाँवों का आजादी के बाद भी विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बिजली उपलब्ध कराना

* 379. श्री प्रेम रंजन पटेल––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत चानन प्रखंड का विद्युतीकरण राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत करने के बावजूद आधी आबादी बिजली से वंचित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड के भंडार, गोपालपुर सहित अन्य गाँवो में विद्युतीकरण नहीं किया जा सका है ;

(3) क्या यह बात सही है कि तार, पोल, ट्रांसफॉर्मर के अभाव में बिजली नहीं मिल रही है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तार, पोल, ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराकर भंडार, गोपालपुर सहित चानन प्रखंड के सभी गाँवों में बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् सब–स्टेशन का निर्माण

* 380. श्री अशोक कुमार सिंह––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड के भदवा पंचायत, जो बाजार भी है, उक्त स्थान पर विद्युत् सब–स्टेशन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भदवा में विद्युत् सब–स्टेशन नहीं रहने से आस–पास के दर्जनों गाँवों में विद्युत् आपूर्ति में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रफीगंज प्रखंड के भदवा में विद्युत् सब–स्टेशन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यो ?

अस्पताल का निर्माण

* 381. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखण्ड में तीस शैय्या वाला अस्पताल की घोषणा तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री द्वारा 2006 में किया गया था, यदि हाँ, तो क्या सरकार बिहपुर में तीस शैय्या वाले अस्पताल का निर्माण करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य उप–केन्द्र स्थापित करना

* 382. श्री शिवेश कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अगिआँव प्रखण्ड के पवार पंचायत में अभीतक प्राथमिक स्वास्थ्य उप–केन्द्र नही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य उप–केन्द्र हेतु जमीन भी उपलब्ध है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य उप–केन्द्र स्थापित करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

---

सुविधा प्रदान करना

* 383. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि टी0 बी0 / कैंसर की तरह मिर्गी भी लाइलाज रोग है, जिससे संबंधित रोगी किसी सहयोगी के बिना अकेले कहीं भी नहीं जा सकता चूँकि किसी भी समय मिर्गी आ जाने पर मृत्यु का हमेशा खतरा बना रहता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मानवता के आधार पर मिर्गी रोग को मानसिक विकलांगता की श्रेणी में सम्मिलित करते हुए विकलांग के तरह सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है ?

---

प्रारंभ कराना

* 384. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अंतर्गत नवाबगंज विद्युत सब–स्टेशन वर्ष 1978 से बंद है जिससे आम जनता को काफी परेशानी होती है ;

(2) यदि हाँ, तो क्या सरकार बंद विद्युत सब–स्टेशन को प्रारंभ करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

---

जाँच एवं कार्रवाई करना

* 385. डॉ0 (मो0) जावेद—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पोठिया प्रखंड के मिर्जापुर पंचायत अन्तर्गत मदरसा चौक से नासिर मुखिया के घर तक गली निर्माण कार्य मुख्य मंत्री विकास योजना अप्रैल, 2013 में कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एजेंसी द्वारा प्राक्कलन के विपरीत कार्य कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*386. श्री (ई0) अजीत कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मड़वन विद्युत् उप–केन्द्र में 3.15 एम0भी0ए0 का दो पावर ट्रांसफॉर्मर लगा है जो ओभरलोडेड है जिसपर विगत 10 माह से विद्युत् आपूर्ति प्रभावित हो रहा है और उपभोक्ता परेशान हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नगत ट्रांसफॉर्मर में से एक ट्रांसफॉर्मर को बदलकर उक्त स्थान पर 5 एम0भी0ए0 का ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिये महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता विद्युत्, तिरहुत एरिया बोर्ड, मुजफ्फरपुर ने अपने कार्यालय के पत्रांक 2684, दिनांक 1 मार्च, 2012 के द्वारा एक प्रस्ताव बोर्ड मुख्यालय को भेजा था जो लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपभोक्ता के हित में 3.15 एम0भी0ए0 के ट्रांसफॉर्मर को बदलकर 5 एम0भी0ए0 का ट्रांसफॉर्मर लगाकर विद्युत् आपूर्ति सामान्य बनाना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच एवं कार्रवाई करना

*387. श्री अरूण माँझी—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी एवं धनरूआ प्रखंड में कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–2, दानापुर से मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना कार्यान्वित कराई जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के कार्यान्वयन में वित्तीय वर्ष 2011–12 एवं 2012–13 में काफी अनियमितता बरती गई है जिसकी सूचना दिसम्बर, 2012 में मा0 मंत्री योजना एवं विकास विभाग को दी गई है परन्तु कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना की निष्पक्ष जाँच कराकर दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू कराना

*388. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के सिधवलिया प्रखण्ड के झझवा पी0एस0एस0 से जाने वाली 11 हजार वोल्ट की तार काशीटेंगराही टोला, पोखरा पर से शंकर सिंह एवं शीला सिंह के होटल तक दो पोल एवं छह पोल के तार आँधी में टूट गया है, जिसके कारण विगत 6 माह से काशीटेंगराही सहित दर्जनों गाँव में विद्युत् व्यवस्था ठप है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त टूटे पोल एवं टूटे तार को बदलकर विद्युत् व्यवस्था चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जमीन आवंटन करना

*389. श्री छोटे लाल राय—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड परसा के ग्राम–बलिगाँव में 20 वर्ष पहले गंडक नदी का भारी कटाव हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि कटाव से उक्त गाँव के सभी लोग घर से बेघर हो गये हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि सभी लोग सारण बाँध पर शरण लिये हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव के लोगों को बसने के लिये सरकारी जमीन आवंटन कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*390. श्री सदानन्द सिंह——क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजनान्तर्गत पूर्व में लगाये गये 16 के0भी0ए0 के ट्रांसफॉर्मर को बदलने का निर्णय गत दो वर्ष पूर्व ही लिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार भागलपुर जिलों के गौराडीह प्रखंड अन्तर्गत ग्राम–इटवा, सन्हौला प्रखण्ड के ग्राम–बथानी, सिलहन खजुरिया, बनियड्डा, भखरी, जलाहा आदि गाँवों मे 16 के0भी0ए0 ट्रांसफॉर्मर के जगह 100 के0भी0ए0 का ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*391. श्रीमती नीता चौधरी——क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखण्ड अन्तर्गत रहमतपुर पंचायत के माधोपुर गाँव में स्टेट ट्यूबवेल के लिये अभीतक ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

पूर्ण विद्युतीकरण करना

*392. श्री भोला राय——क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कदवा प्रखंड अंतर्गत कदवा पंचायत के बदैया परती, वृन्दाबाडी एवं शिवगंज तथा डण्डखौरा प्रखंड के भमरेली पंचायत अन्तर्गत मरंगी गाँवों में विद्युतीकरण का कार्य अधूरा पड़ा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कदवा पंचायत के तीनों गाँवों से 30–35 उपभोक्ताओं का कनेक्शन रसीद 2005 में ही कट चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों मे पूर्ण विद्युतीकृत करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*393. श्री कन्हैया कुमार——क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के सिरदला प्रखण्ड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चहारदीवारी नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चहारदीवारी नही रहने के कारण अस्पताल परिसर में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है जिससे आम नागरिकों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल परिसर में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार करना

*394. श्री प्रदीप कुमार——क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत रेफरल अस्पताल, वारिसलीगंज की चहारदीवारी तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के आवास की स्थिति जर्जर है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रेफरल अस्पताल, वारिसलीगंज की चहारदीवारी तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के आवासों का जीर्णोद्धार करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

कार्य को पूरा करना

*395. श्री अम्बिका सिंह—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड दुर्गावती, रामगढ़ एवं नुआँव में वित्तीय वर्ष 2009–10 एवं 2010–11 का विधायक फंड का कार्य आजतक पूरा नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार विधायक फंड के अधूरा कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतापूर्ति करना

*396. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा विद्युत सब–स्टेशन में 3 एम०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर स्थापित होने के कारण राजपुर एवं इन्दौर फीडर को विगत् 3 वर्षों से प्रतिदिन रोक–रोक कर विद्युतापूर्ति किये जाने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्टेशन में 3 एम०भी०ए० के स्थान पर 5 एम०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर निर्बाध विद्युतापूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र बनाना

*397. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय उर्फ सुनील पाण्डेय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत पीरो प्रखंड के ग्राम–मझिऑव (हसन बाजार) के विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत बिल का भुगतान करने हेतु विगत 20 वर्षों से विक्रमगंज जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत उपभोक्ता बिजली की गड़बड़ी (बिजली का तार टूटना, बिजली का बाधित होना इत्यादि कार्य) की शिकायत करने भी विक्रमगंज (रोहतास जिला) जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मझिऑव (हसन बाजार) के बिजली उपभोक्ताओं को बिजली का बिल जमा करने हेतु पीरो (भोजपुर) को केन्द्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुक्त कराना

*398. श्री शशिभूषण हजारी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत कुशेश्वर स्थान स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को दिनेश पासवान एवं राधे पासवान ने अवैध रूप से कब्जा में ले लिया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अवैध कब्जा से मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*399. श्री शिवेश कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखंड अन्तर्गत बाबू बाँध पंचायत में अभीतक प्राथमिक स्वास्थ्य उप–केन्द्र स्थापित नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के भलुआना ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य उप–केन्द्र हेतु जमीन भी उपलब्ध है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के भलुआना ग्राम प्रा० स्वास्थ्य उप–केन्द्र का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

चहारदीवारी का निर्माण

*400. श्री मोती लाल प्रसाद––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रीगा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बैरगनिया दोनों काफी पुराना अस्पताल है, परन्तु जमीन के उपलब्धता के बावजूद चिकित्सा भवन, डॉक्टर आवास कर्मचारी आवास, चहारदीवारी का निर्माण नहीं कराया गया है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को जनहित मे चिकित्सा आवास, डॉक्टर आवास, कर्मचारी आवास, चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

चहारदीवारी का निर्माण

*401. श्री राजेश सिंह––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा II के जिमरी नवतनवा उप–स्वास्थ्य केन्द्र का भवन विगत् 5 वर्षों से जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उप–स्वास्थ्य केन्द्र की चहारदीवारी नहीं रहने के कारण पशु उप–स्वास्थ्य केन्द्र में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे रोगियों के इलाज में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उप–स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

भवन निर्माण कराना

*402. श्री बैद्यनाथ सहनी––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड मोरवा के ग्राम पंचायत हरपुर भिन्डी, गुनाई बसही, सारंगपुर पश्चिमी में प्राथमिक उप–स्वास्थ्य केन्द्र पूर्व से चयनित है लेकिन अपना भवन नहीं होने के कारण झोपड़ी में उक्त उप–स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन हो रहा है जबकि जमीन भी उक्त पंचायतों में उपलब्ध है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त उप–स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

------

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*403. श्री सदानन्द सिंह––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड के नौ पंचायत की जनता अधिक दूरी रहने तथा बाढ़ के दिनों में नदी में पानी आ जाने के कारण सन्हौला प्रखंड स्थित सरकारी अस्पताल में इलाज नहीं करा पाते हैं ;

(2) यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के नौ पंचायतों अमडंडा, छोटीनाकी, बोड़ा पाठकडीह, मदारगंज, सनोखर, तेलौन्धा, सिलहन खजुरिया, अरार तथा धुआबै को मिलाकर धुआबै पंचायत के महादेव स्थान के पास स्थित सरकारी जमीन पर अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

## पॉवर सब–स्टेशन का निर्माण

* 404. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा प्रखंड मुख्यालय मे वित्तीय वर्ष 1985–86 मे ही पावर सब–स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर सब–स्टेशन का 60 प्रतिशत का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद वर्ष 1992 में अचानक कार्य बंद कर दिया गया ;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2002 से लेकर अबतक मुख्य अभियंता द्वारा इस पावर सब–स्टेशन के अधूरे निर्माण कार्य को शुरू कराने का आश्वासन देने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नही हो सका है, जबकि जिले के दूसरे कई प्रखंडों में नया पावर सब–स्टेशनों को चालू भी कर दिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरे पावर सब–स्टेशन का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## अनाज देना

* 405. श्री विभाषचन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अग्नि पीड़ित परिवारों को सरकार द्वारा कुल 4,200 सौ रुपये एवं एक क्विंटल अनाज देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत बरारी प्रखंड के गोहना चाँदपुर पंचायत के कुन्डी, पुरानी बाँध टोला में दिनांक 2 मार्च, 2013 को कैलू राम, लुखार राम सहित 9 परिवार एवं उक्त पंचायत के ही कुन्डी, पुरानी उत्तर टोला मे दिनांक 28 मार्च, 2013 को आग लगने से मोहन साहनी एवं 9 अन्य परिवार का घर आग लगने से जलकर राख हो गया जिन्हें सरकार द्वारा 4,200 रुपये का नगद भुगतान किया गया, लेकिन एक–एक क्विंटल अनाज आजतक नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पीड़ित परिवारों को एक–एक क्विंटल अनाज देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## निर्माण कराना

* 406. श्री अख्तरूल ईमान—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत भूमि उपलब्ध नही होने के कारण कुल 143 उप–स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का निर्माण विगत दो वर्षों से नहीं हो सका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार भूमि खरीदकर उक्त स्वास्थ्य उप–केन्द्रों के निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## कार्रवाई करना

* 407. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास विधान–सभा क्षेत्र के लिए प्रश्नकर्ता सदस्या ने मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत वर्ष 2011–12 एवं 2012–13 की कुल 46 योजनाओं की अनुशंसा की थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा कार्यपालक अभियंता से जनवरी, 2013 में उक्त योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए पत्राचार किया गया था, परन्तु उक्त अनुशंसित योजनाओं के संबंध में न तो अद्यतन सूचना प्राप्त हुई है न ही धरातल पर कोई कार्य दिखाई पड़ता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो प्रश्नकर्ता सदस्या को योजना की जानकारी नहीं देने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध सरकार कौन–सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

व्यवस्था करना

* 408. श्रीमती आशा देवी 186—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खगौल (दानापुर) में एम्बुलेन्स नहीं होने से खगौल शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेन्स की व्यवस्था करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का जीर्णोद्धार

* 409. श्री रामधनी सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के कोचस प्रखंड अन्तर्गत परसथुआँ में 1990 से अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कार्यरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन जर्जर होने के कारण डॉक्टर एव नर्स समय पर मरीजों की सेवा नहीं कर पाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र परसथुआँ के भवन का जीर्णोद्धार करना चाहती है, हाँ, तो कबतक ?

---

ट्रॉसफॉर्मर लगाना

* 410. श्री सतीश चन्द्र दूबे—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नरकटियागंज पावर सब–स्टेशन में पावर ट्रॉसफॉर्मर की कमी है जिससे विद्युत् आपूर्त्ति सुचारू रूप से नहीं हो पाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एक अतिरिक्त पावर ट्रॉसफॉर्मर 5 एम0भी0ए0 नहीं लगने से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों को कई भाग में बाँटकर विद्युत् आपूर्त्ति की जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर 5 एम0भी0ए0 का अतिरिक्त ट्रॉसफॉर्मर लगवाना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

* 411. श्री (ई0) अजीत कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिले के कांटी क्षेत्र अन्तर्गत मकदुमपुर कोडरिया, खंदा, पानापुर हवेली, लस्करीपुर, धमौली रामनाथ पूर्वी (मधुवन) ग्राम में विर्गत पॉच वर्षों से किराये के मकान में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नगत गाँवों में जिला स्वास्थ्य समिति, मुजफ्फरपुर द्वारा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु जमीन चिह्नित कर अपने कार्यालय के पत्रांक डी0एच0एस/एम/13/385, दिनांक 17 मई, 2013 के द्वारा भवन निर्माण हेतु राशि उपलब्ध कराने की माँग की गयी है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रश्नगत अति0 प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

विकसित करना

* 412. श्री गोपाल जी ठाकुर—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत, बेनीपुर प्रखंड के हथचल भगवती स्थान, नवादा, भूतनाथ महादेव मंदिर महिनाम पोहदी एवं विरौल प्रखंड के दमेश्वर महादेव स्थान, देकुली धाम के सालों भर श्रद्धालुओं का आवगमन रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिये कोई बुनियादी सुविधा नहीं है जिसके कारण श्रद्धालुओं को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त धार्मिक स्थलों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

नक्शा उपलब्ध कराना

*316. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में जमीन का नक्शा उपलब्ध कराने हेतु एक मात्र प्रेस गुलजारबाग, पटना में स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रेस में आधारभूत संरचना एवं कर्मचारी की कमी के कारण पूरे प्रदेश के नागरिकों को ससमय नक्शा नहीं मिल पाता है, तथा नक्शा की मूल प्रति को आम नागरिकों को दिया भी नहीं जाता है और केवल छायाप्रति के लिए आवेदन प्राप्त किये जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रेस का आधुनिकीकरण कर हर प्रकार का नक्शा आम जनता को उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

गंदगी का औचित्य

*317. श्री जय कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि एक तरफ पटना का विकास महानगर के रूप में हो रहा है, परन्तु कचरा प्रबंधन की योजना नहीं रहने के कारण शहर में गन्दगी व्याप्त है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

-------

नाला का निर्माण

*318. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडिया नगर पंचायत में नाला निर्माण नहीं होने के कारण जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

राशि का समायोजन

*319. श्री रामदेव महतो--क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के राजनगर व्यापार मंडल को राईस मिल गैसीफायर एवं मशीन खरीदने हेतु 6.00 लाख रुपया वर्ष 2011 में विभाग द्वारा अग्रिम राशि दी गई है एवं मशीन की खरीद की, परन्तु अभीतक उक्त राशि का समायोजन लंबित है, यदि हाँ, तो उक्त राशि समायोजन हेतु सरकार कौन-सा कदम उठाने का विचार रखती है ?

**प्रभारी मंत्री**--आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि समेकित सहकारी विकास परियोजना मधुबनी अंतर्गत राजनगर व्यापार मंडल में गोदाम निर्माण तथा चावल मिल गैसीफायर की समेकित योजना कुल 24.20 लाख रु० की स्वीकृति वर्ष 2010 में दी गई है । उक्त योजना अन्तर्गत भवन निर्माण हेतु 7.00 लाख रु० गैसीफायर एवं चावल मिल संयत्र हेतु 15.00 लाख रु० एवं व्यवसाय हेतु मार्जिन मनी के रूप में 2.00 लाख रु० कर्णांकित थे । उपर्युक्त योजना के कार्यान्वयन हेतु राजनगर व्यापार मंडल को भवन निर्माण मद में 6.30 लाख रु० तथा संयत्र मद में 7.60 लाख रु० कुल 13.90 लाख रु० उपलब्ध कराये गये हैं एवं शेष 10.30 लाख रु० समिति के विशेष खाता में जमा है । उपलब्ध कराये गये राशि के विरुद्ध कराये गये निर्माण कार्य (मापी पुस्तिका के आधार पर) के अनुरूप 5,95,989.00 रु० का समायोजन हो चुका है । तथा शेष 34,011.00 रु० के प्रमाणक समिति स्तर पर समायोजन हेतु शेष है । व्यापार मंडल द्वारा संयत्र आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता को 7.60 लाख रु० अग्रिम के रूप में उपलब्ध कराया गया है । योजना पूरी होने के उपरान्त अंकेक्षण के आधार पर पूर्ण समायोजन किया जा सकेगा ।

जलापूर्ति चालू कराना

*320. श्री शिवजी राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के फेनहारा प्रखंड में विगत एक वर्ष पूर्व में जलमीनार एवं मधुबन प्रखंड में 7 माह से जलमीनार बनकर तैयार है एवं उक्त दोनों प्रखंडों में जलापूर्ति का कार्य को 10 माह पूर्व में ही संपन्न करा लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि छः माह पूर्व में ही इसकी शिकायत कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पूर्वी चम्पारण के प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा पत्र दिया गया है बावजूद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में जलापूर्ति चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशन कार्ड वितरित करना

*321. श्री छोटेलाल राय--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010 में वधवा आयोग द्वारा सभी जन-वितरण प्रणाली के दुकानदारों को बराबर-बराबर राशन कार्ड का वितरण हेतु अनुशंसा किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखण्ड में आपूर्ति पदाधिकारियों द्वारा सभी दुकानदारों को बराबर-बराबर राशन कार्ड का वितरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वधवा आयोग के अनुशंसा के आलोक में सोनपुर प्रखण्ड के जन-वितरण प्रणाली के दुकानदारों को बराबर-बराबर राशन कार्ड वितरित कराने का विचार रखती है ?

--------

कार्रवाई करना

*322. श्री अब्दुलबारी सिद्दीकी--दिनांक 27 मई, 2013 एवं 28 मई, 2013 को स्थानीय समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक क्रमशः ''संक्रमित साढ़ों से हो रहा कृत्रिम गर्भाधान'' एवं ''स्वस्थ साढ़ों पर बीमारी का खतरा'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार लाइव स्टॉक डेवलेपमेंट एजेंसी, पटना द्वारा जिन साढ़ों का संधारण कर उसका स्ट्रॉज उत्तम किस्म के नस्ल के लिए कृत्रिम गर्भाधान कराने हेतु जिलों को दिया जाता है, उनमें से 50 फीसदी साँढ़ आर० डी०डी०एल० कोलकता के रिपोर्ट के अनुसार संक्रमित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संक्रमित साँढ़ों के स्ट्रॉज के कारण गायों में बांझपन के साथ कई बीमारियाँ होती हैं एवं प्रजनन के बाद जो बच्चे पैदा होते हैं उनमें संक्रमण ट्रांसमिट कर जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो संक्रमित साँढ़ों से स्ट्रॉज का वितरण करने का क्या औचित्य है तथा सरकार इसकी रोकथाम के लिए कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

जमीन उपलब्ध कराना

*323. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया प्रखण्ड के माडर दक्षिणी पंचायत के वार्ड नं० 4 में 115 महादलित परिवार और वार्ड नं० 7 में 70 महादलित परिवार को अबतक तीन डिसमिल जमीन उपलब्ध नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उन महादलित परिवारों को घर बनाने के लिए तीन डिसमिल जमीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अधिष्ठापित करना

*324. श्री अजय प्रताप—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई विधान–सभा क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2011–12 में सोलर चालित 10, डीजल चालित 20, ऊर्जा चालित 38 स्थानों पर पेयजल आपूर्ति हेतु पम्प अधिष्ठापित करने का प्रावधान किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा इस संदर्भ में मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को पत्र के माध्यम से दिसम्बर, 2012 में शिकायत करने के बावजूद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सोलर चालित, डीजल चालित एवं ऊर्जा चालित पेयजल पम्पों को अधिष्ठापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आवागमन बहाल करना

*325. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के ढाका प्रखंड के बेरवा से माध्य विद्यालय, बरेवा होते फुलवरिया जाने वाले मुख्य पथ पर विगत 20 वर्ष पूर्व से ईंट सोलिंग था तथा वर्ष 2012–13 में मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा पी०सी०सी० सड़क की स्वीकृति प्राप्त हुई है एवं पी०सी०सी० पथ का निर्माण हो चुका है, परन्तु पूर्व मुखिया द्वारा उक्त रास्ते को अपने बाउंड्री में मिला लिया गया जिस कारण बच्चों/ग्रामीणों का विद्यालय आने का मुख्य रास्ता बंद हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा ग्रामीणों के आवेदन को संलग्न करते हुए अपने पत्रांक 128, दिनांक 8 जून, 2013 द्वारा जिलाधिकारी/अपर समाहर्ता सहित सभी पदाधिकारीगण को शीघ्र हस्तक्षेप कर संलिप्त व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने को कहा था, परन्तु अभीतक कार्रवाई नहीं हुई ;

(3) यदि उपरोक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ में अतिक्रमित भाग को कब्जा करने के मामले में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण मुक्त कराकर आवागमन बहाल कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

---

अवैध निकासी की जाँच

*326. डॉ० दाउद अली—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत कंकड़बाग स्थित वार्ड नं० 43, एम०आई०जी० फ्लैट सं० 69 हनुमान नगर के पश्चिम जीरो चैम्बर की सफाई वर्षों से नहीं की गयी है और वित्तीय वर्ष 2009–10 एवं 2010–11 में कार्यपालक पदा० द्वारा इस कार्य हेतु कर्णांकित राशि की निकासी की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चैम्बर के सफाई नही होने से एम०आई०जी० के फ्लैटों में जल–जमाव बना रहता है, जिससे महिला एवं बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जीरो चैम्बर की सफाई वर्षात पूर्व कराते हुए अवैध निकसी की जाँच कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

शौचालय का निर्माण

*327. श्री अशोक कुमार सिंह (क्षे०224)— क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज के नगर पंचायत में सार्वजानिक शौचालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सार्वजनिक शौचालय नहीं रहने से नगर के गरीब तबके के लोगों एवं शहर में बाहर से आने–जाने वाले लोगों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रफीगंज नगर पंचायत में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

अतिक्रमण से मुक्ति

*328. डॉ० इजहार अहमद—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अंचल स्थित सुपौल बाजार के हटियागाछी हाट की भूमि का अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो उक्त हाट भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

------

दोषियों पर कार्रवाई

*329. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड के महम्मदपुर पंचायत में स्वजल धारा योजना के तहत् जलापूर्ति योजना का कार्य विगत् 10 वर्षों से चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जलापूर्ति योजना में स्वीकृत राशि 45 लाख रु० की निकासी कार्यपालक अभियंता द्वारा कर योजना को पूर्ण नहीं किया जा सका है ;

(3) क्या यह बात सही है कि जलापूर्ति योजना पूर्ण नहीं होने से स्थानीय लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महम्मदपुर पंचायत के स्वजल धारा योजना को पूर्ण कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, अगर हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्रवाई करना

*330. श्री शशिभूषण हजारी—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के कुशेश्वर स्थान एवं कुशेश्वर स्थान पूर्वी तथा बिरौल प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2011–12 एवं 2012–13 में मिण्टुआ, तिकेश्वर, कुशेश्वर स्थान, महिसौर सहित 32 पंचायतों में चापाकल गाड़ा गया है, परन्तु बाकी चापाकल खराब एवं बंद पड़े हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सभी पंचायतों के बंद पड़े चापाकल को चालू कराकर दोषी संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सुविधा उपलब्ध कराना

*331. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड समस्तीपुर के ग्राम–दादपुर, ग्राम–विक्रमपुर बान्दे एवं प्रखंड ताजपुर के ग्राम–आधार में वर्ष 2010–11 से ही लघु ग्रामीण पाइप लाइन पेय जलपूर्ति योजनान्तर्गत केवल बोरिंग कर छोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त योजनाओं को कबतक पूर्ण कराकर आम जनता को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है ?

------

नाला का निर्माण

*332. श्री (मो०) आफाक आलम—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के कसबा रानी सती चौक से महावीर चौक [illegible] तक सड़क के दोनों तरफ नाला नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर नाला नहीं रहने के कारण सड़क के दोनों किनारों पर पानी सालोभर जमा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्थान पर सड़क के दोनों किनारों पर बड़ा नाला का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जाँच केन्द्र की स्थापना

*333. श्री अशोक कुमार सिंह (क्षे0 224)—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर एवं रफीगंज प्रखंड में मिट्टी जाँच केन्द्र नहीं है, यदि हां, तो प्रावधान के बावजूद उक्त दोनों प्रखंडों में मिट्टी जाँच केन्द्र स्थापित नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

आवारा कुत्तों पर नियंत्रण

*334. श्री अवनीश कुमार सिंह——स्थानीय हिन्दी दैनिक में दिनांक 3 जून, 2013 को प्रकाशित समाचार शीर्षक "एक साल में सात लाख लोगों को कुत्तों ने काटा" के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में आवारा कुत्तों पर नियंत्रण की कारगर व्यवस्था नहीं होने के कारण वर्ष 2012 में सात लाख लोगों को कुत्तों ने काटा है, यदि हाँ, तो आवारा कुत्तों पर कारगर नियंत्रण के लिए सरकार का क्या कार्य योजना है ?

---

कूपन का वितरण

*335. श्री जवाहर प्रसाद——क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम नगर परिषद् क्षेत्र में मई, 2013–14 के राशन उठाव हेतु उपभोक्ताओं को कूपन वितरण अभीतक नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कूपन वितरण नहीं होने के कारण दो माह से लोगों को राशन एवं किरासन तेल की आपूर्ति बन्द हो गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कूपन वितरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापना करना

*336. डॉ0 इजहार अहमद——क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमंडल में पशु अस्पताल नहीं रहने के कारण वहां पशुओं का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है, यदि हां, तो सरकार वहां की जनता के हित में कबतक पशु अस्पताल की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*337. श्री ललित कुमार यादव——दिनांक 17–23 जून, 2013 के हिन्दी साप्ताहिक समाचार–पत्र में प्रकाशित "भूख से मर रहे लोग, सड़ रहा है अनाज" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिले के हायाघाट प्रखण्ड के सुरहाचट्टी में एस0एफ0सी0 के

पदाधिकारियों की लापरवाही से एक लाख छः हजार क्विंटल धान खुले खेत में सड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी उच्च स्तरीय जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति कराना

*338. श्रीमती उषा सिन्हा—–क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—–

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के परवलपुर प्रखंड के मर्दन बिगहा ग्राम में पाइप लाइन जलापूर्ति–सह–मीनार योजना का कार्य वित्तीय वर्ष 2008–09 से चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना में पाइप लाइन विस्तार की स्वीकृति नहीं होने के कारण अभीतक जल मीनार से जलापूर्ति प्रारंभ नहीं किया गया है, जिसके कारण उक्त गाँव पेयजल से वंचित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पाइप लाइन विस्तार की स्वीकृति देकर जलापूर्ति चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापना नहीं करने का औचित्य

*339. श्री वीरेन्द्र सिंह—–क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखण्ड के महुरात पंचायत में चिकित्सा के अभाव में पशुओं की मृत्यु हो जाती है, यदि हाँ, तो उक्त पंचायत में अभीतक पशु चिकित्सालय की स्थापना नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

संख्या में वृद्धि के उपाय

*340. डॉ0 अच्युतानन्द—–दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 01 मई, 2013 के अंक में छपी खबर "गौ प्रजाति की संख्या में भारी कमी" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—–

(1) क्या यह बात सही है कि 18वीं पशु गणना में राज्य के 22 जिलों में गौ प्रजाति की संख्या में 7 लाख की कमी हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिले में अप्रत्याशित रूप से गौ प्रजाति में 2.5 लाख की कमी हुई है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य में गौ प्रजाति की संख्या में ह्रास होने के कारणों की जाँच कराते हुये गौ प्रजाति की संख्या में वृद्धि के उपायों पर विचार करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापन करना

*341. श्री कुमार शैलेन्द्र—–क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के खरीक अंचल में अंचलाधिकारी का पद जनवरी, 2012 से रिक्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त रिक्त पद पर पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

अनुपालन कराना

*342. श्री रामप्रवेश राय-- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक 181(4), दिनांक 26 अप्रील, 2012 द्वारा बिहार के सभी जिला पदाधिकारियों को अनौपचारिक शिक्षा पर्यवेक्षकों का समायोजन राजस्व कर्मचारी के पद पर करने का आदेश दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज द्वारा अभीतक इस आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विभागीय आदेश का अनुपालन कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

काबिल लगान का कार्य

*343. श्री कुमार शैलेन्द्र-- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नवगछिया अनुमंडल के भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता द्वारा ग्राम-रायपुर मौजा खाता नं० 722, खेसरा नं० 1237, 1223,1524,1335 खाता नं० 933,930 खेसरा नं० क्रमश: 1453,14 एवं खाता सं० 923 खेसरा नं० 1616 इत्यादि भूखंडों का काबिल लगान का कार्य नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

-----------

चापाकल को गाड़ना

*344. श्री सदानन्द सिंह-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2012-13 में प्रत्येक विधायक के अनुशंसा पर उनके चुनाव क्षेत्र में प्रत्येक पंचायतों में पाँच (5) चापाकल गाड़ने की स्वीकृति विभाग द्वारा दी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्णय के आलोक में प्रश्नकर्ता द्वारा भी दिनांक 27 फरवरी, 2013 को अपने पत्रांक 1772 द्वारा भागलपुर जिला के कहलगाँव क्षेत्र हेतु सूची कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ अभियंत्रण प्रमंडल (पूर्वी) भागलपुर को दे दी गई थी;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त सूची के अनुरूप भागलपुर जिले के संहौला प्रखंडान्तर्गत सिलहन-खजुरिया पंचायत, धुआवे पंचायत में डी०टी० योजनान्तर्गत (डीप चापाकल) में अनुशंसित छह (6) चापाकल अबतक नहीं गाड़े गये हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बचे हुए चापाकल को गाड़ने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

लाइट नहीं लगाने का औचित्य

*345. श्री अरूण कुमार सिन्हा-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिसम्बर, 2005 ई० में राजधानी के सभी विद्युत पोल पर स्ट्रीट लाइट लगाने के सरकार का निर्णय का अनुपालन आजतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो राजधानी के सभी पोलों पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगाये जाने का क्या औचित्य है ?

लाइसेन्स नहीं देने का औचित्य

*346. श्री भूमेन्द्र नारायण सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में पी०डी०एस० का लाइसेन्स अब पैक्सों को देने का निर्णय वर्ष 2011 में लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गोरियाकोठी विधान सभा क्षेत्र के गोरियाकोठी प्रखंड अन्तर्गत हरपुर, सादीपुर पैक्स के अब तक पी०डी०एस० का लाइसेन्स नहीं दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो प्रावधान के बावजूद गोरियाकोठी विधान-सभा में पी०डी०एस० का लाइसेन्स पैक्सों को नहीं देने का क्या औचित्य है ?

-----

ऑन लाइन कराना

*347. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दो वर्ष पूर्व राज्य सरकार द्वारा रजिस्टर-2 के सभी भू जमाबंदी को ऑन लाइन करने का निर्णय लिया गया है परन्तु उक्त निर्णय का उल्लंघन कर बाँका जिला प्रशासन द्वारा रैयतों को सूचना प्रकाशित कर सूचित किया गया है कि अपनी जमाबंदी के बारे में फॉर्मेट में भरकर सूचना अंचल को प्रस्तुत करें जिसके कारण एक ही जमीन के बारे में कई लोग फॉर्मेट में सूचना भरकर उपलब्ध करा रहे हैं जिससे जिले में नया भू-विवाद शुरू हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रजिस्टर-2 के अभिलेख को ही ऑन लाइन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कैनालों की सफाई

*348. श्री रामदेव महतो-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधुबनी में नगर परिषद् अन्तर्गत जल निकासी का मुख्य नाला क्रमशः वाटसन कैनाल, राज्य कैनाल एवं किंग्स कैनाल में कचरा भर जाने से विगत दो वर्षों से जल निकासी अवरुद्ध हो गया है जिससे आमजनों के घरों में पानी भरा रहता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अविलंब उक्त कैनालों की सफाई कराकर जल निकासी कराने का विचार रखती है ?

-----------

रिक्त पदों को भरना

*349. श्री तार किशोर प्रसाद-- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार राजस्व जिला में अंचल निरीक्षक का स्वीकृत पद 16 के विरुद्ध मात्र 1 अंचल निरीक्षक एवं राजस्व कर्मचारी का स्वीकृत पद 238 के विरुद्ध मात्र 67 राजस्व कर्मचारी कार्यरत हैं, यदि हाँ, तो उक्त रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

-----------

राशि खर्च करने का औचित्य

*350. श्री अजित कुमार-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत काँटी नगर पंचायत के विकास हेतु सरकार द्वारा विगत दो वर्षों के अन्दर विभिन्न मद में दो करोड़ पचास लाख रु० उपलब्ध कराया गया है, यदि हाँ, तो उक्त राशि को खर्च नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

दोषी पर कार्रवाई

*351. श्री विक्रम कुँअर--दिनांक 23 मई, 2013 को हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित '' मिल मालिकों ने हड़पे चावल'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011-12 में सीधे किसानों से प्राथमिक साख सहयोग समिति (पैक्स) और राज्य खाद्य निगम के माध्यम से 21.59 लाख मीट्रिक टन धान खरीद की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस धान की कुटाई के लिये 1,422 चावल मिलों को राज्य खाद्य निगम द्वारा सुपूर्द किया गया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि किसानों से खरीदे गये धान से 67 फीसदी की दर से तैयार चावल की कुल मात्रा 14.66 लाख मीट्रिक टन होनी थी, परन्तु अभीतक 11.79 लाख मीट्रिक टन चावल ही भारतीय खाद्य निगम को आपूर्ति की गयी है ;

(4) क्या यह बात सही है कि 46 हजार मीट्रिक टन चावल मिल मालिकों द्वारा नहीं दिया गया है ;

(5) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल की निकासी

*352. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के गर्दनीबाग आवासीय कॉलोनी के पानी की निकासी नहीं रहने से सम्पूर्ण कॉलोनी सालो भर गंदे पानी से जलमग्न रहता है, जिससे आवासियों को काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जल निकासी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति चालू कराना

*353. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अन्तर्गत प्रखण्ड दुर्गावती, रामगढ़ एवं नुआँव में जलापूर्ति योजना 2008-09 में स्वीकृत हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक एवं विभाग के लापरवाही से आजतक मिनी जलापूर्ति चालू नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मिनी जलापूर्ति को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

शीतलीकरण यंत्र की स्थापना

*354. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत सरमेरा प्रखंड मुख्यालय में दुग्ध शीतलीकरण हेतु भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2007-08 में पूरा हो चुका है, लेकिन आजतक उक्त भवन में शीतलीकरण यंत्र की व्यवस्था नहीं की जा सकी है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में उक्त निर्मित भवन में शीतलीकरण यंत्र की स्थापना कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जमीन का मूल्य दिलाना

*355. डॉ० उषा विद्यार्थी --क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के बिहटा प्रखडान्तर्गत ग्राम-अमहारा में बियाडा द्वारा अधिग्रहित जमीन की उचित मूल्य भुगतान हेतु विभागीय सचिव द्वारा पत्रांक 923, दिनांक 18 मई, 2010 द्वारा निर्गत संकल्प के अनुपालन में आजतक संबंधित किसानों को जमीन का मूल्य नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार संकल्प के आलोक में किसानों को जमीन का मूल्य दिलाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पेयजल उपलब्ध कराना

*356. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखण्ड के नदरपुर, कुरमावां, खरांटी, घोड़ाघाट, पचरतन, पट्टी, डोभी, नावाडीह, बारी बजौरा, नीमा, कुरा-बीजा एवं अंगा, शेरघाटी प्रखण्ड के चांपी, श्रीरामपुर, डाबचिरैया, गोपालपुर, कचौड़ी बेला, चेरकी, चितावकला एवं बार तथा आमस प्रखण्ड के रामपुर, बड़की चिलमी, झरी, आमस, सवि, करमडीह, कलवन, अकौना एवं महुआवां पंचायतों में गर्मी के दिनों में जल स्तर नीचे चले जाने से पेयजल की असुविधा होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शेरघाटी, डोभी एवं आमस के उपरोक्त वर्णित पंचायतों में जमीन के अन्दर पहाड़ मिल जाने से साधारण ट्यूबवेल नहीं चल पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेरघाटी, डोभी एवं आमस प्रखण्डों में विशेष अभियान चलाकर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला एवं सड़क का निर्माण

*357. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखण्ड के नगर पंचायत में काली मंदिर से नन्दा बर तक सड़क एवं नाला लोदीशहीर, शाहीन लाईब्रेरी से गढ़ महल्ला होते हुए बुढ़ी नदी तक सड़क एवं नाला, रमना महल्ला से बुढ़ी नदी तक नाला, नई बाजार महादलित टोला से बुढ़ी नदी तक सड़क एवं नाला, लीपगंज चट्टी महल्ला में सड़क एवं नाला नहीं रहने से बरसात में जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त वर्णित सड़कों एवं नालों का निर्माण नहीं होने से नगरवासियों को काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित स्थानों पर नागरिकों की सुविधा हेतु नाला एवं सड़क बनवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*358. श्री वीरेन्द्र सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक में दिनांक 3 जून, 2013 को प्रकाशित समाचार शीर्षक ''मैदान में सड़ रहा हजारों क्विंटल धान'' के संदर्भ में क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड में धान अधिप्राप्ति हेतु 80-85 हजार क्विंटल धान की खरीद की गयी है, जिसमें अभीतक 50-55 क्विंटल धान ही राईस मिलों को मिला है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वजीरगंज के श्री रामानुग्रह उच्च विद्यालय के खुले मैदान में हजारों क्विंटल धान पड़े हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सड़ रहे धान को बचाने एवं संबंधित दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*359. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के कसबा नेहरू चौक, कसबा रेलवे स्टेशन से रेलवे गुमटी तक सड़क 15 वर्षों से अत्यंत ही जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*360. श्री आनन्दी प्रसाद यादव——क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के सिक्टी, पलासी, कुर्साकांटा प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित पशु चिकित्सालय तथा कुर्साकांटा प्रखंड के हलधरा हाट पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सकों का पदस्थापन नहीं किया गया है, यदि हां, तो सरकार उक्त पशु चिकित्सालयों में कबतक पशु चिकित्सक का पदस्थापन करने का विचार रखती है ?

---

शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना

*361. डॉ0 अरूण कुमार——क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी–बख्तियारपुर प्रखंड, सलखुआ, महिषी, नवहट्टा, बाढ़ प्रभावित प्रखंड है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाढ़ प्रभावित होने के कारण उक्त प्रखंडों के लोगों को लौहयुक्त एवं गंदा पानी पीना पड़ता है, जिससे तरह–तरह की बीमारियों का शिकार होना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आदेश का अनुपालन

*362. श्री राजेश्वर राज——क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज नगर पंचायत में जल निकासी हेतु जिलाधिकारी, रोहतास के प्रतिवेदन पत्रांक 775, दिनांक 06 नवम्बर, 2012 के आधार पर नाला एवं जलापूर्ति योजना का विस्तृत प्रतिवेदन शीघ्र तैयार कर समर्पित करने हेतु तत्कालीन मंत्री द्वारा पत्रांक 382, दिनांक 07 मार्च, 2013 द्वारा प्रबंध निदेशक, बिडको, पटना को आदेश दिये जाने के बावजूद अभीतक उसका अनुपालन नहीं होने से जल निकासी एवं जलापूर्ति कार्य ठप है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आदेश का अनुपालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल की निकासी

*363. श्री विजय कुमार सिन्हा——क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय नगर परिषद् अन्तर्गत वार्ड नं0 2,3,4,5,6,7 सहित लखीसराय जिला समाहरणालय में बरसात के दिनों में पानी भर जाता है, यदि हां, तो उक्त जल निकासी हेतु सरकार की क्या परियोजना है ?

---

प्रतिनियुक्त करना

*364. श्री मनोहर प्रसाद सिंह——क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनिहारी नगर पंचायत में जलमीनार, वोल्टेज कन्ट्रोलर ठीक है फिर भी पम्प ऑपरेटर की अनुपस्थिति के कारण जलापूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार पम्प ऑपरेटर के अनुपस्थिति के संबंध में कार्यपालक अभियंता, कटिहार को प्रश्नकर्ता द्वारा तीन माह पूर्व पत्र दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जलमीनार पर पम्प ऑपरेटर की नियमित रूप से प्रतिनियुक्त करने का विचार रखती है ?

---

लक्ष्य बढ़ाना

*365. डॉ0 अरूण कुमार——क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला में किसानों द्वारा अनुदान पर ट्रैक्टर एवं पम्प सेट क्रय हेतु आवेदन का निपटारा कम लक्ष्य रहने के कारण किसानों की परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कृषकों के हित में लक्ष्य बढ़ाने का विचार रखती है ?

---

वितरण कराना

*366. श्री प्रेम रंजन पटेल——क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिलान्तर्गत चानन प्रखंड में उपलब्ध करायी गयी डीजल अनुदान की राशि वर्ष 2012–13 को वितरण नहीं किया जा सका, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वितरण करने का विचार रखती है ?

---

नोटिस का औचित्य

*367. श्री सुरेन्द्र चंचल——क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंडान्तर्गत फिरोजपुर ग्राम स्थित अनुसूचित जाति के किसानों को वर्ष 1985 एवं 1987 में कृषि कार्य हेतु बिना सूद ब्याज के पम्प सेट दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णयानुसार वर्ष 2007 में किसानों द्वारा कृषि कार्य हेतु पूर्व में लिये गये 50000 रु0 तक के ऋण को माफ किया जा चुका है, जबकि पम्प सेट प्राप्त करने वाले उक्त ग्राम के अनुसूचित जाति के किसानों की भूमि विकास बैंक, बखरी (सकरा) द्वारा ऋण अदायगी हेतु मई, 2013 में नोटिस निर्गत किया गया है, यदि हां, तो ऋण माफ किये जाने के बावजूद बैंक द्वारा नोटिस का क्या औचित्य है ?

---

गाँवों में नक्शा प्राप्त कराना

*368. श्री मंजीत कुमार सिंह——दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 02 जुलाई, 2013 को प्रकाशित छपें खबर "जमीन का नक्शा अब गाँवों में ही" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गाँव की जमीन का नक्शा लेने के लिये राज्य मुख्यालय से जिला मुख्यालय तक लोगों को चक्कर लगाना पड़ता है, यदि हां, तो राज्य के सभी जिलों में "गाँवों में नक्शा प्राप्त कराने की परियोजना" शुरू करने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

भुगतान करना

*369. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनवर्षा प्रखंडान्तर्गत 20 (बीस) पंचायतों में वर्ष 2007-08 में 63 प्रगणक से पशु गणना कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि सोनवर्षा प्रखंड के पशु प्रगणक के लिये 23 अप्रील, 2011 को विभाग द्वारा 522170.50 रु० प्रखंड को उपलब्ध कराई गई थी;

(3) क्या यह बात सही है कि जिला नजारत के बेतार संवाद संख्या 581, दिनांक 13 मई, 2011 एवं पत्रांक 583, दिनांक 14 मई, 2011 के माध्यम से राशि शीघ्र लौटाने का आदेश दिया गया था एवं इसके चलते सोनवर्षा से 23 जून, 2011 को संपूर्ण राशि लौटा दी गई और पशु प्रगणक को मानदेय का भुगतान नहीं हो सका;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के सोनवर्षा प्रखंडान्तर्गत पशुगणकों को अविलम्ब मानदेय भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

मरम्मती कराना

*370. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम नगर परिषद् क्षेत्र के अन्तर्गत सभी स्ट्रीट लाइट खराब बंद पड़े हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि धर्मशाला चौक, बौलिया मोड़, कुशईच, रोजा रोड, गैस एजेंसी एवं जिला पदाधिकारी के आवास के पास स्थित स्ट्रीट लाइट मरम्मती के अभाव में खराब पड़े हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मती कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

टैक्स वसूलना

*371. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना शहर में वर्तमान में साढ़े तीन लाख मकान निर्मित हैं, जिसमें लोग आवासित हैं तथा मात्र दो लाख आवासों द्वारा ही होल्डिंग टैक्स दिया जा रहा है, जिससे पटना नगर निगम को प्रतिवर्ष राजस्व की काफी हानि हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार शेष 1.5 लाख आवासों से होल्डिंग टैक्स वसूलने हेतु कौन-सा कदम उठाने का विचार रखती है ?

---------

कार्य शुरू करना

*372. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के एकंगरसराय प्रखंडान्तर्गत प्रस्तावित कोशियावां ग्रामीण जलापूर्ति योजना का प्राक्कलन क्षेत्रीय अभियन्ता, पटना प्रक्षेत्र द्वारा पत्रांक 997, दिनांक 3 अक्टूबर, 2012 द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को भेज दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना हेतु जमीन चिन्हित कर कतला परिषद्, नालन्दा द्वारा पत्रांक 25, दिनांक 8 फरवरी, 2013 से अनापत्ति प्रमाण-पत्र कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, हिलसा को भेज दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कोशियावां ग्राम में ग्रामीण जलापूर्ति योजना का कार्य शीघ्र शुरू करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

लाभान्वित कराना

*373. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में राष्ट्रीय ''मछुआ आवास योजना'' के तहत वर्ष 2008-09 से 2012-13 तक 12,300 आवासों का लक्ष्य निर्धारित रहा है;

(2) क्या बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के ढाका प्रखंड अन्तर्गत महुआवां, बखरी, बड़हरवा, सीवान, खरूहा, झौआराम, मलाही टोला, जमुआ तथा घोड़ासहन प्रखंड अन्तर्गत भलुअहिया, पीठवा आदि मछुआ बहुल ग्राम है जो ''मछुआ आवास योजना'' से वंचित है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित ग्रामों के मछुआ वर्ग को ''मछुआ आवास योजना'' से लाभान्वित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

अतिक्रमण से मुक्ति

*374. श्री भोला राय--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कदवां प्रखंड अन्तर्गत श्री पूर्णिमा देवी गोशाला, सोनैली अत्यंत पुराना एवं राज्य के पंजीकृत गोशाला है, परन्तु इसकी अधिकांश भूमि अतिक्रमित है, यदि हाँ, तो उक्त भूमि को सरकार अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है ?

---------

पुनः नियोजित करना

*375. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे प्रदेश में वर्ष 2010-11 में विषय-वस्तु विशेषज्ञों को नियोजित किया गया था एवं वर्ष 2013-14 में पद मुक्त कर दिया गया है, जिससे कृषि विभाग के सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने में काफी परेशानी हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पद से हटाये गये विषय-वस्तु विशेषज्ञों को पुनः नियोजित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कार्य प्रारंभ कराना

*376. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखंड मुख्यालय में किसान भवन का निर्माण कराने की स्वीकृति एक वर्ष पूर्व दिया गया है, परन्तु अभीतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है ?

---------

पटना:
दिनांक 1 अगस्त, 2013 (ई०) ।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 47--डी०टी०पी०--450